## थानेदार बनने के लिए पैरवी करवाने पर होगी कड़ी कार्रवाई, 24 घंटे में होंगे सस्पेंड



**रांची।** राजधानी में थानेदार बनने के लिए जुगाड़ तकनीक का इस्तेमाल करने वाले इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर 24 घंटे के अंदर सस्पेंड हो जाएंगे। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। राजधानी में कई इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर थानेदार बनने के लिए बेताब हैं और अलग-अलग तरीकों से सिफारिशें करवा रहे हैं ताकि उन्हें थाना मिल जाए। कोई मंत्री से सिफारिश करवा रहा है तो कोई नेताओं से, बल्कि कई लोग दूसरे तरीके भी आजमा रहे हैं। लेकिन अब ऐसे इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर पर गाज गिरना तय है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि कई अधिकारी थानेदार बनने के लिए अलग-अलग तरीकों से सिफारिशें करवा रहे हैं जो बिल्कुल भी सही नहीं है। ऐसे अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी गई है कि अगर किसी तरह की पैरवी हुई तो 24 घंटे के अंदर उन्हें सस्पेंड कर दिया जाएगा। रांची एसएसपी ने कहा कि इंस्पेक्टर हो या सब इंस्पेक्टर, जो काम और क्राइम कंट्रोल में बेहतर होगा, उसे ही थाना प्रभारी बनाया जाएगा। लेकिन अगर कोई यह सोच रहा है कि पैरवी करके उसे थाना मिल जाएगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। उसे सीधे सस्पेंड किया जाएगा। बुधवार को रांची एसएसपी ने साल की पहली क्राइम मीटिंग की। क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने सबके सामने साफ तौर पर यह भी कह दिया कि अगर अब कोई पैरवी करवाएगा, तो उसे सीधे सस्पेंड किया जाएगा।

### 'यूएलएलए' नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पर आधारित कार्यशाला का समापन

# शिक्षा के साथ साक्षरता के लक्ष्य को पूरा करना है : सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

● सर्वे के दौरान उल्लास एनआईएलपी पोर्टल का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने का निर्देश



**रांची।** 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के असाक्षर व्यस्कों के लिए उल्लास नव भारत साक्षर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। कार्यशाला में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन और प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश, संयुक्त सचिव नंद किशोर लाल, उप-निदेशक शुभ्रा रानी एवं अवर सचिव जागो चौधरी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला शिक्षा अधीक्षकों एवं जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्यो को उल्लास कार्यक्रम के संचालन और इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर मार्गदर्शित किया। कार्यशाला में राज्य संसाधन समूह के प्रतिनिधियों को भी उल्लास कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने सर्वे कर ऐसे असाक्षर व्यस्कों को इस कार्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया जिन्होंने कभी औपचारिक स्कूली शिक्षा ग्रहण नहीं की। विभागीय सचिव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य शिक्षा के साथ साक्षरता के लक्ष्यों को हासिल करना भी है। राज्यस्तर पर पदाधिकारी फील्ड में हो रहे सर्वे और जिला, प्रखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तरीय नव भारत साक्षरता समिति के कार्यो की निरंतर मॉनिटरिंग करे। उन्होंने लगातार जन चेतना केंद्रों (नव भारत साक्षरता केंद्र) के अनुश्रवण का निर्देश भी दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड़ पर लागू किया गया है, मगर सर्वे के दौरान ऑनलाइन डाटा उल्लास एप और उल्लास एनआईएलपी पोर्टल पर अपलोड अवश्य करे, जिससे राज्य को सर्वे का डाटा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा अधीक्षकों को जिलास्तर पर नोडल पदाधिकारी बनाया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उल्लास झारखंड के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला ने बताया कि हमारा लक्ष्य झारखंड को शत प्रतिशत साक्षर बनाना है। इस योजना के पांच महत्वपूर्ण घटक है जिनमे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, आर्थिक, वैधानिक, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन साक्षरता, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल निर्माण और शिक्षा में निरंतरता शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### वैकुण्ठोत्सव पर मंदिर का हुआ भव्य सजावट



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में श्रीवैकुण्ठ महोत्सव को लेकर बुधवार की देर रात तक मंदिर की सजावट पूरी कर ली गयी। प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से पूरे मंदिर के साथ वैकुण्ठ द्वार को 'इट डेजी,ऑर्किट ,जिप्सां, चन्द्रमौलिका, कामिनी पत्ता, रेड डेजी आदि बहुतों प्रकार के प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से दिव्य सजावट का रूप दिया गया है। विनय धरनीधरका और विनोद भगत के निर्देशन में कोलकाता के कारीगरों द्वारा यह सजावट किया गया है। ज्ञात हो कि श्रीवैकुंठ महोत्सव को ले चार दिनी सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान गुरुवार को पहले दिन सुबह आठ बजे शुभारंभ होगी। यह अर्चना यजमान के समूह में चार-चार पाली में चारों दिन पूरे किए जाएंगे। यह अनुष्ठान 12 जनवरी रविवार के रात्रि में संपन्न होगा।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक में झंडा व पोस्टर नहीं लगाएं लोग : रतन तिर्की



**रांची।** परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक में पार्टी झंडे, धार्मिक झंडे, बैनर, पोस्टर, व्यावसायिक विज्ञापन आदि नहीं लगाने का अनुरोध किया जा रहा है। इसके बाद भी राजनीतिक पार्टियां, व्यवसायिक संस्थान व धार्मिक संगठनों के लोग मानने को तैयार नहीं हैं। इस दिशा में प्रशासन और नगर निगम भी अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। उक्त बातें समाजसेवी रतन तिर्की कही। उन्होंने कहा कि बड़ी मुश्किल से हमने अपने तीन साल की मेहनत से परमवीर अल्बर्ट एक्का की अस्थि अवशेष को त्रिपुरा से झारखंड वापस लाया और समाधिस्थल निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि हर दो-तीन दिनों में किसी न किसी पार्टी-संगठन या धार्मिक संगठनों के सतरंगी झंडे या फिर व्यावसायिक विज्ञापनों से परमवीर अल्बर्ट एक्का चौराहे को पाट दिया जाता है। ऐसे में यह निश्चित रूप से परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि मैं रांची उपायुक्त और जिला प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि जल्द से जल्द एक कड़ा कानून बनाया जाए कि परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक में झंडा, विज्ञापन व पोस्टर नहीं लगाया जाए। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हमने परमवीर अल्बर्ट चौक स्थित गोलंबर में सभी झंडों और पार्टी बैनर ससम्मान उतार कर संबंधित पार्टी आफिस में सौंप दिया।

### प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का हुआ शुभारंभ



**रांची।** झारखंड में पहली बार धनबाद के पुराना बाजार स्थित शंभू धर्मशाला में 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ सांसद ढुल्लु महतो ने किया। परित्रम सेवा परिवार के मुख्य संयोजक अजय भरतिया एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के साथ-साथ आंध्रप्रदेश की विश्व विख्यात पुंगानूर गो माता का पूजन एवं पवित्रम सेवा परिवार के द्वारा तैयार की गई। काऊ एम्बुलेंस का उद्घाटन भी सांसद ढुल्लु महतो द्वारा किया गया। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो से घायल, बीमार गोवंश की सेवा चिकित्सा, जैविक खेती एवं गौत्पादों का निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रचार -प्रसार कर रहा है। इस शिविर में प्रतिदिन शाम को ओपीडी की भी व्यवस्था की गयी है, जो पूर्णतः निःशुल्क है, पवित्रम सेवा परिवार स्कूलों एवं कालेजों में भी जाकर विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से बच्चों के बीच आरोग्य के प्रति जागरूकता फैला रहा है, इस शिविर में पवित्रम सेवा परिवार के अलावे कई स्वयंसेवी संस्था भी अपना सक्रिय योगदान दे रहे है। आने वाले दिनों में ऐसे शिविर झारखंड के आलावा अन्य शहरों में भी कराने की योजना है।

### महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 18 से रांची होकर चलेगी

**रांची।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के द्वारा महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। तिरुपति-बनारस स्पेशल ट्रेन 18 जनवरी, आठ, 15 और 22 फरवरी को तिरुपति से रात 8.55 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन दोपहर 3.45 बजे बनारस पहुंचेगी। बनारस से वापसी यह ट्रेन 20 जनवरी, 10, 17 और 24 फरवरी की शाम 5.30 बजे होगी और तीसरे दिन सुबह 5.30 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन का विशेष रूप से झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया और रांची व मुरी में ठहराव होगा। वहीं, नरसापुर-बनारस-नरसापुर स्पेशल ट्रेन का भी परिचालन होगा। नरसापुर से यह ट्रेन 25 जनवरी, एक फरवरी को सुबह छह बजे रवाना होगी और तीसरे दिन दोपहर 3.45 बजे बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन की बनारस से वापसी 27 जनवरी और तीन फरवरी की शाम 5.30 बजे होगी और तीसरे दिन सुबह पांच बजे नरसापुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का भी झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची व मुरी में ठहराव होगा।

## हरमू के अब 9 वार्डों से होगा डोर टू डोर कचरा उठाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र में घरों से कूड़ा का उठाव करने वाली कंपनी को बुधवार को दूसरे जोन की व्यवस्था की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस क्रम में हरमू स्थित मिनी ट्रांसफर स्टेशन को हैंडओवर किया गया। कंपनी अब हरमू एमटीएस से संबद्ध वार्ड संख्या 21, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 35 और 36 में डोर-टू-डोर कचरा उठाव करेगी। कंपनी की ओर से 37 नई गाड़ियां कचरा उठाव के लिए उपलब्ध कराई गई है। वहीं, हरमू एमटीएस में निगम की पूर्व से 40 गाड़ी क्रियाशील हैं। वहीं, 15 वाहन एजेंसी की ओर से दी गई है। एमटीएस की व्यवस्था सौंपने के मौके पर संबंधित सभी वार्ड के सुपरवाइजर को हर घर से सूखा व गीला कचरा अलग संग्रहण करने में योगदान एवं इसके लिए आमजन को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। इससे पूर्व कंपनी को निगम के जोन चार के 14 वार्ड से कचरा उठाव का जिम्मा सौंपा गया था। बताया गया कि फरवरी में दो अन्य जोन के साथ ही कंपनी को निगम के सभी 53 वार्ड से कचरा उठाव की जिम्मेवारी मिल जाएगी।

### चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का हुआ समापन

## दूसरों को सुख देने से बड़ा कोई पुण्य नही : स्वामी सदानंद महाराज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधा कृष्ण का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर संत श्री सदानंद महाराज ने भक्तों से कहा कि मन वाणी समस्त इंद्रियों के द्वारा जो भी करें वह सब परम पुरुष भगवान को समर्पित करते हुए करें। यही भागवत धर्म है। साधना भक्ति के द्वारा प्रेम भक्ति प्राप्त होती है और वह भगवान के पारायण होकर माया को अनायास ही पार हो जाता है। विषयी पुरुष को वन में भी कामादि शत्रु सताते हैं। जितेन्द्रिय का घर में ही पांच इंद्रियों का निग्रह करना तप है। जिसके हृदय में वैराग्य जागृति हो उसके लिए घर ही तपोवन है। समस्त उपनिषदों का सार है ब्रह्म और आत्मा का एकत्वरूप अद्वितीय सदवस्तु। वही श्रीमद्भागवत का प्रतिपाद्य विषय है। इसके निर्माण का प्रायोजन है एक मात्र केवल मोक्ष है। जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं उनकी इंद्रिय विषयों में फंस जाती है। मन को भी उन्हीं की ओर खींच लेती है जैसे जलाशय के तिर पर उगे कुशादी जल खींचते उसी प्रकार इंद्रियां शक्ति मन बुद्धि विचार शक्ति को हर लेता है। जो लोग भगवान की लीलाओं को श्रद्धा के साथ नित्य श्रवण करते हैं उनके हृदय में थोड़े ही समय में भगवान प्रकट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों को सुख देने से बड़ा कोई पुण्य नही है। कथा के दौरान कलाकारों द्वारा के प्रसंग पर जीवित अद्भुत झांकियां प्रस्तुत की। संत महात्माओं द्वारा अमृत कथा, बीतक कथा तथा सुमधुर सुंदर भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। तथा सभी भक्त भक्ति में भाव- विभोर होकर खूब झूमे। तथा महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का समापन हुआ।

## इन्वेस्टर नहीं ले रहे रुचि, जरेडा ने मांगा सुझाव

### सोलर पावर एनर्जी पावर प्लांट लगाने में झारखंड पीछे



**रांची।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोलर पावर एनर्जी को पूरे भारत में बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में झारखंड जरेडा कार्यालय में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए बैठक हुई। बैठक में जरेडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय सिन्हा, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मुकेश प्रसाद के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कई इन्वेस्टरों ने भी भाग लिए। बता दें कि ग्रीन एनर्जी सोलर बिजली उत्पादन को लेकर झारखंड में 4 गीगा बाइट का टारगेट रखा गया था लेकिन अब तक एक भी प्लांट नही लगाया गया है। झारखंड में सोलर प्लांट लगाने को लेकर आ रही अड़चन पर मुख्य रूप से बात हुई। क्योंकि, पॉलिसी में गड़बड़ी को लेकर इन्वेस्टर इस काम को शुरू नहीं करना चाहते हैं। इसे देखते हुए डायरेक्टर विजय सिंह ने इन्वेस्टरों से सुझाव मांगा है। वहीं इन्वेस्टर का साफ कहना है कि झारखंड में लैंड की बहुत बड़ी समस्या है। इसके साथ ही बैंक ऋण और उसके कर्ज वसूली प्रतिशत भी एक बड़ी समस्या है।

### बिना एनओसी और लेन-देन सेटलमेंट के नए डिस्ट्रीब्यूटर्स बनाने से परेशानी: चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर के एफएमसीजी एंड ड्यूरेबल ट्रेड उप समिति की बुधवार को चैंबर भवन में बैठक हुई। इस दौरान सदस्यों ने कंपनियों की ओर से बिना एनओसी और लेन-देन सेटलमेंट किए नए डिस्ट्रीब्यूटर्स को काम सौंपने के बढ़े मामलों पर चिंता जताई। कहा कि बिना सेटलमेंट कर नये-नये डिस्ट्रीब्यूटर बनाने से अनावश्यक विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। इस मामले में पूर्व में चेंबर के हस्तक्षेप से कंपनियों की मनमानी पर नियंत्रण बनाया गया था। लेकिन फिर से इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं। डिस्ट्रीब्यूटर्स कैसे एग्रीमेंट करें, पेपर वर्क साइन करने से पहले किन बातों का ध्यान रखें, रिकॉर्ड कीपिंग कैसे करें ताकि आगे समस्या होने पर चैंबर की ओर से मदद की जा सके। इसपर अवेयरनेस प्रोग्राम करने की भी सहमति बनाई गई। बैठक के दौरान सदस्यों ने डिस्ट्रीब्यूशनशीप व्यापार में आ रही कठिनाईयों पर चिंता जताई। एफएमसीजी एंड ड्यूरेबल ट्रेड उप समिति चेयरमेन रौनक पोद्दार ने कहा कि एफएमसीजी व्यवसाय से जुड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बड़े-बड़े मॉल को अधिक मार्जिन उपलब्ध कराती है।

### बीआरपी सीआरपी एसएस संघ ने सौंपा ज्ञापन

**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्य परियोजना कार्यालय में निदेशक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। बीआरपी सीआरपी ने वर्धित मानदेय अभिलंब भुगतान करने का निवेदन किया। साथ ही प्रशिक्षण, परियोजना कर्मियों को अन्य सुविधाओं का लाभ चिकित्सा भत्ता, परियोजना भत्ता, महंगाई देने की मांग की। संघ के प्रतिनिधियों ने निदेशक से आग्रह किया कि 20 वर्षों की सेवा अवधि को ध्यान में रखते हुए अवर शिक्षा सेवा में 50 प्रतिशत पद बीआरपी सीआरपी के लिए आरक्षित की जाए।

### रांची स्टेशन से 43 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त

**रांची।** रांची स्टेशन पर मंगलवार देर रात चेकिंग के दौरान 133 बोतल अवैध शराब जब्त किए गए। यह अभियान मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चलाया गया। चेकिंग के दौरान आरपीएफ की टीम ने देखा कि दो व्यक्ति एस्केलेटर के पास तीन बैग के साथ बैठे हैं। संदेह होने पर बैग की तलाशी ली गई। इसमें भारी मात्रा में शराब की बोतल बरामद हुई। पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने शराब के वैध कागजात भी उपलब्ध नहीं करा पाए। पकड़े गए आरोपी उत्तर प्रदेश निवासी अवधेश कुमार और डोरंडा निवासी शनि तिग्गा ने बताया कि वे रांची से शराब की बोतलों को खरीद कर बिहार में ऊंचे दाम में बेचने के लिए ले जा रहे थे।

### प्रबंधन समिति ने मौलाना आजाद कॉलेज को लेकर की बैठक

**रांची।** मौलाना आजाद कॉलेज परिसर में रांची के प्रबुद्ध जनों की बैठक कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोख्तार अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कॉलेज के विकास संबंधी विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। वहीं निर्णय लिया गया कि कॉलेज के विकास के लिए पूरी तत्परता से काम किया जाएगा। कॉलेज के लंबित कार्यों को यथासमय पूरा कर लिया जाएगा । कालेज भवन रख रखाव एवं शैक्षणिक प्रगति के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। कॉलेज के सचिव इम्तियाज अली और प्राचार्य डॉ परवेज अख्तर ने कॉलेज के वर्तमान स्थिति पर अपना रिपोर्ट दिया, जिसपर सभी ने सहमति जताते हुए अपने अपने सलाह दिए। बैठक में कॉलेज भवन निर्माण, कॉलेज के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा, बाधक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय में बुधवार को जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनीं और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीसी ने जनता दरबार में आए लोगों से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने पाया कि योजना का लाभ घर की महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से इस राशि का सही इस्तेमाल करने का आग्रह किया। डीसी ने कई शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर मिली जानकारी को डीसी कार्यालय को जल्द से जल्द भेजें।

### कर्मचारी महासंघ ने मांगों से मंत्री को कराया अवगत

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में झारखंड राज्य आजीविका चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ व राज्य एचजीएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि बुधवार को ग्रामीण विकास दीपिका पांडेय सिंह से मिले। श्रम नियोजन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नई वेज रिवीजन के आधार पर इस संवर्ग को प्रतिदिन 783 रुपए की दर से दैनिक वेतन देने की मांग की।

## सभी प्रखंडों में 20 से 24 तक एक दिनी 'प्रखंड स्वास्थ्य मेला'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने एवं बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में 'प्रखंड स्वास्थ्य मेला' का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड स्वास्थ्य मेला एक दिवसीय होगा, जिसका आयोजन 20 से 24 जनवरी के बीच किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक अबू इमरान ने निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य के साथ साथ सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक एवं सभी सिविल सर्जनों को इस बाबत विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया है। अभियान निदेशक ने कहा है कि मेले का आयोजन उस क्षेत्र की सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था, रोग प्रसार और क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाना है।

### जिला और प्रखंड स्तर पर समिति

मेले का सफल आयोजन को लेकर जिलए एवं प्रखंड स्तर पर 8-10 लोगों की जिला एवं प्रखंड स्तरीय समिति गठित की जाएगी। प्रखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष, बीडीओ सह अध्यक्ष, प्रखंड के मेडिकल अफसर, सदस्य संयोजक होंगे। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि प्रखंड स्तरीय अधिकारी भी समित में शामिल होंगे।

### मेले में क्या क्या सुविधाएं मिलेंगी

मेले में आभा कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के साथ साथ सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी, दंत, चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, योगा आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। अभियान निदेशक ने कहा है कि मेले में जो भी मरीज रेफर किए जाएंगे उसका नाम, गांव का नाम व जिस अस्पताल में रेफर किया गया है।

उन्होंने कहा है कि मेला शुरू होने से कम से कम दो दिन पहले डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की ड्यूटी चार्ट के साथ पूछताछ कार्यालय हर प्रखंड में कार्यरत होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि मेला का स्थान ऐसा चयन किया जाएगा। आवश्यक दवाओं व अन्य संसाधनों की आपूर्ति जिला स्वास्थ्य के माध्यम से पूर्व में सुनिश्चित कर ली जाएगी। मेला का आयोजन पीएचसी, सीएचसी के आसपास या परिसर में ही किया जाए ताकि, क्लिनिकल परीक्षण और दवाओं की सुविधा आसानी से उपलब्ध करायी जा सके।

### सभी मंदिरों में 11 को हनुमान चालीसा का हो पाठ : विहिप

णइस अवसर पर क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, केंद्रीय टोली के ओपी लाल, प्रांत सह कोषाध्यक्ष शिव शंकर साबू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख विजय कुमार, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, रेणु अग्रवाल, अमरनाथ ठाकुर, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, रवि शंकर राय, अमर प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आठवीं प्री बोर्ड 20 से, ओएमआर शीट पर होगी परीक्षा

**रांची।** रांची जिले में आठवीं की प्री बोर्ड परीक्षा अब 20 जनवरी से 22 जनवरी तक होगी। इसके लिए रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने स्कूलों को तैयारी के निर्देश दिए हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएगी। ओमएआर शीट स्कूलों द्वारा स्वनिर्मित होगा। बादल राज ने कहा कि छात्रों की तैयारी बेहतर हो, इसलिए प्री बोर्ड का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही ओएमआर शीट पर अभ्यास हो सके, इसलिए स्कूलों को इस तरह से ही तैयारी के निर्देश दिए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली 10 से 11 बजे तक और दूसरी पाली 12 से 1 बजे तक होगी। 20 जनवरी को पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। इसी तरह 21 जनवरी को सोशल साइंस और अंग्रेजी विषय की परीक्षा क्रमशः पहली और दूसरी पाली में होगी। 22 जनवरी को पहली पाली में साइंस और दूसरी पाली में संस्कृत/उर्दू/बांग्ला विषय की परीक्षा होगी। बता दें कि रांची पहला जिला है, जहां आठवीं का प्री बोर्ड होने जा रहा है। प्री बोर्ड आयोजित करने के पीछे उद्देश्य था कि परिणाम के बाद कमजोर बच्चों का समूह बनाकर उनके लिए विशेष कक्षाएं चलाई जाए, ताकि फाइनल परीक्षा में वे बेहतर कर सकें। पर अब फाइनल परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को ज्यादा वक्त नहीं मिल पाएगा। जैक ने आठवीं प्री बोर्ड का शेड्यूल जारी कर दिया है जिसके अनुसार 28 जनवरी को परीक्षा ली जाएगी। यह पहली बार है, जब मार्च के बजाए जनवरी में आठवीं बोर्ड की पाइनल परीक्षा ली जा रही है।

### आज / कल



## एक नजर

### सेंट माइकल स्कूल ने 8 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर में ओडीएम सफायर बनाम सेंट माइकल स्कूल के बीच खेला गया। ओडीएम सफायर ने 16.4 ओवर में 10 विकेट पर 61 रन बनाया। आरव कुमार ने 11 रन बनाया। मयंक ने 4 विकेट लेकर 15 रन, रोहित ओरांव ने तीन विकेट लेकर 15 रन, हर्ष ने दो विकेट लेकर 10 रन व ऋषि ने एक विकेट लेकर 5 रन दिया। सेंट माइकल स्कूल ने 6.2 ओवर में दो विकेट पर 62 रन बनाया। हर्षित ने 37 व आरव ओरांव ने 20 रन बनाया। सूरज ने एक विकेट लेकर 21 रन व नैतिक ने एक विकेट लेकर 7 रन दिया। सेंट माइकल स्कूल ने 8 विकेट से जीत दर्ज की।

### जरुतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के सभी 14 पंचायतों के जरुरतमंदों के बीच वितरण के लिए 2800 कंबल व बिरहोरों के लिए लगभग 100 कंबल प्रखंड मुख्यालय को जिला से मुहैया कराया गया था। बीडीओ धीरज कुमार व जनप्रतिनिधियों ने जरुरतमंदों के बीच सभी कम्बलों का वितरण किया। वहीं दूसरी और विधायक सुरेश कुमार बैठा भी गुरुवार को एक समारोह का आयोजन कर 300 कंबल का वितरण करेंगे।

### 18 जनवरी को बैंक ऑफ इंडिया का विशेष ऋण माफी सह ऋण मेला

**बरही।** आगामी 18 जनवरी को बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कोनरा पंचायत मुख्यालय में विशेष ऋण माफी सह ऋण मेला का आयोजन किया जायेगा. यह शिविर सिर्फ वैसे खाता धारक के लिए होंगे जिनका खाता भुगतान नही करने के कारण एनपीए हो चुका है. ऐसे एनपीए खाताधारकों को उक्त शिविर में 80 फीसदी तक के ऋण माफ करते हुए खाता बंद किया जायेगा.

### शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस मनाई गई

मांडर। प्रखंड फारेस्ट मैदान में युवा कांग्रेस और प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का 168वी शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पुर्व मंत्री सह झारखंड सरकार सम्मनवयक समिति के सदस्य बंधु तिर्की उपस्थित हुए । वीची सपुतो के चित्र पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आज हमें इन वीर सपुतो की शहादत से सिख लेनी चाहिए। दोनों अलग अलग जाति का होते हुए भी आपस मे तालमेल बनाकर देश के लड़े। लेकिन आज कुछ लोग हमें जाति धर्म में बाट कर नफरत फैलाते हैं। पुर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड की धरती वीरों से भरा पडा है। देश की आजादी के लिए काफी लोग शहीद हुए हैं।

# असंवैधानिक तरीके से सदानों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है: राजेन्द्र

*अब मोर्चा से जुड़े हर एक व्यक्ति अपने समाज के लोगों को मूलवासी सदान मोर्चा से जोड़ेगा मोर्चा को राजनीतिक दल के रूप में बनाने का सुझाव दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
मूलवासी सदान मोर्चा का बारीडीह पाहड़ा मैदान बेड़ो में बेड़ों प्रखंड के अध्यक्ष धनंजय कुमार राय के अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों को असंवैधानिक तरीके से उनके अधिकारों को वंचित किया जा रहा है। कहा मूलवासी सदानों के उपर हो रहे अत्याचार पर सभी दलों के सदान विधायक- सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पेसा कानून और समता जजमेंट लागू करने से मूलवासी सदान अपने अधिकारों से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में परिसीमन तुरंत होना चाहिए। कहा केन्द्र सरकार से जल्द से जल्द परिसीमन कराने की मांग की है। बाद में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जनवरी को रांची में मूलवासी सदानों का मिलन समारोह और फरवरी महीने में बेड़ो में एक पिकनिक रखा गया है। धनंजय कुमार राय ने कहा कि पूरे राज्य में हर हाल में संगठन को धारदार बनाने की बात कही। तुलसी साहू ने कहा केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद का हम सब आभारी हैं जो सदानों के लिए लम्बे समय से संघर्ष कर रहे हैं । सुशील कुमार ने मोर्चा को राजनीतिक दल के रूप में बनाने का सुझाव दिया। विश्वनाथ गोप कहा सदान बिना कोई भी राजनीतिक दल का अस्तित्व नहीं है। कहा अब मोर्चा से जुड़े हर एक व्यक्ति अपने समाज के लोगों को मूलवासी सदान मोर्चा से जोड़ेगा। मुमताज खान ने कहा हम सदान को मुखर होना होगा। अधिकार के लिए सदानों से कोहराम मचाने की बात कही । लाल संजय नाथ शाहदेव ने कहा सदानों को जोरदार आंदोलन करना होगा और इसके लिए पंचायत पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। विचार गोष्ठी को संबोधित करने वाले में मोतीलाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सुदेश कुमार महतो, महेंद्र गोप, राम लखन सिंह मोहन शिखर सुरेश महतो बसंती देवी रीता देवी आदि शामिल थे।

# संजय सेठ ने चलाया सदस्यता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव**
बुधवार को रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ठाकुरगांव मंडल क्षेत्र के ठाकुरगांव पंचायत व खखरा पंचायत में बतौर सदस्यता प्रभारी के रूप में आकर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। साथ ही वर्तमान सरकार को भ्रष्ट बताया। मौके पर दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ज्योति कलश रथ यात्रा का हुआ स्वागत




**चान्हो।** मनोकामना सिद्ध श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण स्थल बेतलंगी के प्रांगण में हरिद्वार से आए ज्योति कलश रथ यात्रा को ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम हरिद्वार के विद्वानों के द्वारा गायत्री मंत्र का मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व के बारे बताया गया। तत्पश्चात ग्रामीण श्रद्धालु भक्तों के द्वारा गायत्री माता का पुजन, आरती तथा प्रसाद का वितरण होने के बाद बेतलंगी से रथ यात्रा को आगे के लिए रवाना किया गया।

### 12 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ कार्यक्रम आयोजित की जाएगी : रमेश प्रसाद गुप्ता

**बेड़ो।** बेड़ो में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं रामलला की अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। रातु अंचल अन्तर्गत आने वाले एकल अभियान बेड़ो संच समिति के तत्वावधान में 12 जनवरी दिन रविवार को बेडो.के ऐतिहासिक महादानी मन्दिर परिसर में इस मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एकल अभियान के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता एवं संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय ने बताया कि 12 जनवरी को बेड़ो में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राम लला की अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ कार्यक्रम आयोजित की जाएगी । इस मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के बाद सामुहिक हनुमान चालीसा एवं सुन्दर काण्ड के पाठ के बाद विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। शोभा यात्रा में बेड़ों के ग्रामीणों के अलावा नगड़ी, लापुंग, मांडर, चान्हो एवं ठाकुरगांव के एकल अभियान के परिवार एवं बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के लोग भाग लेंगे। एकल अभियान अध्यक्ष, विहिप अध्यक्ष, राम सेना अध्यक्ष एबीवीपी, हिन्दू जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयं संघ एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों के सदस्य भी शामिल रहेंगे। सभी हिन्दू संगठनों ने उस दिन सभी ग्रामीणों से शोभा यात्रा एवं भंडारा में शामिल होने एवं शाम में हर घर में दीप जलाकर उत्सव मनाने का निवेदन किया गया है। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी हिन्दू संगठनों के सदस्य लगे हुए हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### कुएं में गिरने से नीलगाय की मौत



**मांडर।** प्रखंड के करगे स्थित एक कुएं में नीलगाय की गिरकर मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है। बगल में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने नीलगाय को कुएं में गिरा देख इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। वन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद नीलगाय को कुएं से बाहर निकाला लेकिन इस दौरान नीलगाय की मौत हो गयी। बताया जाता है कि जंगल से भटक कर आया था। अधिकारी ने बताया कि शव का अंत्य परीक्षण गुरुवार को किया जायेगा।

### मुरी क्षेत्र में वृद्ध व असहायों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**सिल्ली।** मुरी सिल्ली आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है जिसको देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार एवं अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का के संयुक्त तत्वाधान में छोटा मुरी बाजार के समीप वृद्ध, गरीब एवं असहाय महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल एवं राशन का वितरण किया गया साथ ही साथ गरीब एवं अनाथ बच्चे जो अपना जीवन मुरी क्षेत्र में व्यतीत कर रहे हैं उनको भी कंबल दिया गया।

### ठंड से ठिठुरते लोगों के बीच कंबल का वितरण सबसे बड़ी मानवता : बिरसमणी देवी



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया में कड़ाके की ठंड एवं कनकनी युक्त हवा से परेशान बूढ़े बुजुर्गों एवं असहाय विधवा महिलाओं के बीच ककरिया की मुखिया बिरसमणी देवी एवं उप मुखिया सिलिमा देवी ने कंबल का वितरण किया। इस मौके पर बिरसमणी देवी ने कहा कि ठंड से ठिठुरते लोगों के बीच कंबलों का वितरण करना सबसे बड़ी मानवता का काम है। कनकनी और हवा से ठिठुरने वाले 34 बूढ़े बुजुर्ग के बीच कंबलों का वितरण मानवता सबसे बड़ा कार्य किया है। गरीबों की सेवा करना हम सभी का सामुहिक कर्तव्य है। उन्होंने अंचल सह प्रखंड के पदाधिकारियों से गांवों में अलाव जलाने की की अपील भी किया। मुखिया बिरसमणी देवी ने ककरिया धोबी मुहल्ला, हरिजन टोला, बनिया टोला सहित अन्य इलाकों में घुम घुमकर कंबल का वितरण किया। सिलिमा देवी ने कहा कि शेष लोगों के बीच भी कंबल का वितरण किया जाएगा।

### बीडीओ ने गांव में लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की फरियाद



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोवादाग पंचायत के धरमपुर गांव में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने-अपने समस्याओं से पदाधिकारी को अवगत कराया। वहीं अबुआ आवास का 27 आवेदन, पेयजल का 3, पेंशन का 6 आवेदन आए। साथ ही साथ अबूआ आवास के 7 आवेदन का निष्पादन, पेयजल के लिए कुआं के लिये 3 आवेदन का निष्पादन, पेंशन योजना के 6 आवेदन का निष्पादन किया गया। दूसरी ओर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पेयजल की समस्या ज्यादातर है जिसको देखते हुए पेयजल विभाग को जानकारी दिया गया है ताकि जल्द से जल्द जितने चापाकल खराब हैं उसे दुरुस्त किया जाए एवं कुआं भी गांव में दिया गया और वृद्ध व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

# बेटियां गोल्ड जीतकर देश का मान बढ़ाएंगी : डॉ जयदीप




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय स्तर पर अशिमता खेलो इंडिया महिला योगासन लीग 2024-25 का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। इसके मुख्य अथिति सुधांशु जी महाराज थे। इस संबंध में योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया की तर्ज पर महिला खिलाड़ियो को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस योगासन प्रतियोगिता में पूरे देश के 270 से भी अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो एज ग्रुप में 5 जनवरी से 8 जनवरी तक आयोजित की गई जिसमें अंडर-18, और 18 से 55 वर्ष की आयु के योग महिला खिलाडियों ने भाग लिया । यह प्रतियोगिता 5 इवेंट में संपन्न हुई। ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पियर आर्टिस्टिक ग्रुप और रिदमिक पियर ट्रेडिशनल में प्रथम स्थान मध्य प्रदेश की सपना पाल व पश्चिम बंगाल की अनुष्का चटर्जी को मिला। वहीं आर्टिस्टिक सिंगल में दिल्ली व प. बंगाल को प्रथम स्थान मिला। आर्टिस्टिक पियर में मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र का प्रथम स्थान रहा। वहीं जिन महिला खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें 30 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 20 हजार व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वालों को 15 हजार और 5वां स्थान प्राप्त करने वाले पर 10हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट व पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# तमाड़ विधायक ने योजनाओं की रखी आधारशिला



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की**
तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने अड़की प्रखंड के ऊपर बालालोंग पंचायत एवं सारगेया पंचायत अंतर्गत लगभग 90 लाख की लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं का आधारशिला रखी। ऊपर बालालोंग पंचायत में 1000 फीट पीसीसी पथ निर्माण, जोजोहातु के बिरसा उच्च विद्यालय में चारदिवारी एवं दो कैमरे वाला क्लास रूम निर्माण। वही सारगेया पंचायत के कोटा गांव में मुख्य कैनाल से उच्च विद्यालय कोटा तक 24 लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण, उच्च विद्यालय कोटा के परिसर में विद्यार्थियों के लिए दस लाख की लागत से साइकिल स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर ग्रामीणों तथा विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।

### शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसाइटी ने मनाया शहादत दिवस

# वीर शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह ने देश की आजादी में दिया था बलिदान

*खलारी में बलिदानी शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह स्मारक बनवाने पर पहल करेंगे*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसाइटी के तत्वावधान में सीसीएल एनके एरिया वीआईपी सभागार में बलिदानी शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का 167वां शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता इकबाल हुसैन ने की। मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने दोनो बलिदानियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। एनके एरिया महाप्रबंधक ने कहा कि झारखंड की धरती पर ऐसे कई वीरों ने जन्म लिया है जिन्होंने देश की आजादी में हंसते हंसते अपना बलिदान दे दिया। विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि खलारी में बलिदानी शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह स्मारक बनवाने पर पहल करेंगे। इकबाल हुसैन ने कहा कि बलिदानियों की तरह अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। कार्यक्रम में अंचला अधिकारी प्रणव अम्बष्ट, इस्माइल अंसारी, विनयसिंह मानकी, मनोज चंद्रा, जैनुल आबेदीन, नौशाद आलम, रिजवान अंसारी, हकीम खान, कलाम रिजव, असलम रिजवी, हैदर खान, मो नजीर हुसैन, बाबुलाल उरांव, मो जुल्फान, मो मोबीन, रंजीत यादव, मो इस्लाम, तनवीर आलम, कलीम रिजवी, तौहीद अंसारी, मो असलम, रामचन्द्र उरांव, दिलीप गंझू, साबीर अंसारी, गोपाल सिंह, जफरूद्दीन अंसारी, जैनुल अंसारी, नौशाद आलम, हैदर खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डॉ अंबेडकर विचार मंच ने दी श्रद्धांजलि

# शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की तरह त्याग की भावना स्थापित करना है : बहुरा मुंडा

*शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब राज्य में कोई बेरोजगार नहीं होगा*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सम्यक ज्ञान निकेतन व डा. अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में साईनगर बुकबुका में बलिदानी शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इसकी अध्यक्षता मनोज भुइयां ने किया। मुख्य अतिथि पीएलवी, डालसा एवं प्रदेश महिला महासचिव आरपीआई रंजना गिरि व अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बलिदानी शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। रंजना गिरि ने कहा कि शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी। जब राज्य में कोई बेरोजगार नहीं होगा और धर्म व जाति भाव से उठकर राजनीति करें। बिरसा विस्थापित मंच के एनके एरिया अध्यक्ष बहुरा मुंडा ने शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि कोयलांचल की निजी कोल कंपनियों एवं भ्रष्ट अधिकारियों का भी आचरण व प्रकृति अंग्रेजों की कूटनीति की तरह है। उन्होंने कहा कि शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की तरह त्याग की भावना स्थापित करना है। झारखंड जनशक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शेखवकील अहमद ने कहा कि खलारी कोयलांचल में जातिवाद व साम्प्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को खदेड़ दिया जाएगा। प्रदेश महासचिव कांग्रेस लेबर सेल राजनसिंह राजा ने कहा कि शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की तरह त्याग की भावना के साथ कोयलांचल में मानवीय मूल्यों को स्थापित करने की आवश्यकता है।

### इटकी में मना शहीद शेख भिखारी का बलिदान दिवस

# शहीदों को जाति व वर्ग में नहीं बांटा जाए : प्रो मजहर इमाम



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी** शहीद शेख भिखारी के बलिदान दिवस पर शेख भिखारी की परपौत्री व झारखंड रत्न शमीमा खातून अंसारी के निवास शमीमाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. मजहर इमाम ने कहा कि शेख भिखारी की बहादुरी की वजह से ही अंग्रेज रांची प्रवेश करने में लंबे समय तक नाकाम रहे लेकिन कुछ गद्दारों के कारण उनकी गिरफ्तारी हुई और उन्हें फांसी पर चढ़ाया गया। देश के लिए कुर्बान होने वाले वीर हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई नहीं हैं ब्लकि हिन्दुस्तानी हैं। शहीदों को जाति एवं वर्ग में नहीं बांटना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजद प्रदेश सचिव अजीत केसरी ने कहा कि शेख भिखारी का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। शहीदों के सम्मान में बड़े स्तर पर कार्यक्रम होते रहने चाहिए ताकि हर व्यक्ति तक अमर शहीदों की गाथा पहुंचती रह। झामुमो इटकी प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल पम्मू ने नई नस्लों को शहीदों के बलिदान की जानकारी देने पर बल दिया ताकि आने वाली नस्लों में शहीदों का सम्मान बाकी रहे। संस्था के निदेशक अंजुम जमाल ने शमीमा खातून द्वारा शेख भिखारी पर लिखी गई पुस्तक अतिथियों को सम्मानपूर्वक दिया।

### डॉ सुखदेव बेदिया चैंपियन ट्रॉफी का समापन

# जिप सदस्य ने खिलाड्यिों को ट्रॉफी और नकद राशि देकर किया पुरस्कृत

*अनुशासन से खेल खेला गया और खिलाड़ियों ने क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता फैलाई*



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
चेतन मांझी की अध्यक्षता में हरेक साल की भांति कुसुमटीकरा के मैदान में चल रहे दो दिवसीय स्व डॉ सुखदेव बेदिया चैम्पियन ट्रॉफी का समापन किया गया। संचालन संतोष बेदिया और योगेश्वर बेदिया ने किया।मंच पर जिप सदस्या वीणा देवी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व ज़िप सदस्य सुशील महतो, पिस्का पंचायत मुखिया सोमरा मांझी, पंचायत समिति सदस्य अनिल टाइगर, हांकेदाग पंचायत मुखिया हरिपद मांझी, पूर्व पंचायत समिति, लक्ष्मण महतो, पुरूषोत्तम महतो, अभिराम बेदिया, दुर्गा चरण यादव, मनोहर महतो थे। जिप सदस्या वीणा देवी समेत मंच के सम्मानित सदस्यों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल के प्रति उत्साह को बढ़ाया। विजेता टीम जागरण बद्रश कुसुम टीकरा को जिप सदस्या वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व ज़िप सदस्य सुशील महतो ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी और नगद राशि देकर पुरस्कृत किया और कहीं कि अनुशासन से खेल खेला गया और खिलाड़ियों ने खेल खेलकर इस क्षेत्र में जागरूकता फैलाई है। इसलिए सभी विजेता एवं उपविजेता को बहुत शुभकामनाएं। सबको नये साल की शुभकामनाएं।वहीं महिला विजेता टीम स्टार वारियर्स रांची को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरुष उपविजेता महादानी एफ सी फुटबॉल बिसिरिया, महिला उपविजेता सिल्ली स्पोर्ट्स कुसुमटीकरा को वीणा चौधरी ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

## एक नजर

### ईएंडएम विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सीएमडी को पत्र

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के ईएंडएम विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सीएमडी को पत्र दिया गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के कुजू क्षेत्र के पूर्व संगठन मंत्री गणेश सिंह ने मामले को लेकर सीसीएल सीएमडी को पत्र देते हुए कंपनी हित में इसे गंभीरता से लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि कुजू क्षेत्र के ईएंडएम विभाग में घोर कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार पूरी तरह जकड़ लिया है। इससे जहां कंपनी के रुपए की खुली छूट मची हुई है। वहीं यहां के ई एंड एम विभाग के परियोजना से लेकर क्षेत्र में बैठे अधिकारी मालामाल हो रहे हैं। जबकि कंपनी के नियमों, विजिलेंस के गाईड लाईन को दरकिनार कर कई अधिकारी लगातार रुपए बनाने और कमीशनखोरी में तल्लीन हैं।

### अबुआ आवास में मुखिया पति पर घूस मांगने का आरोप, सीएम को पत्र

**रामगढ़।** ओरला निवासी जितेंद्र मुंडा पिता पारसनाथ मुंडा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि मेरी मां जानकी देवी के नाम से अबुवा आवास मिला है। इसके एवज में 20 हजार रुपए देने के बावजूद मुखिया पति फिर से 30 हजार रुपए की रंगदारी मांग रहे हैं। पैसा नहीं देन पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। मेरा आवास पर 50-60 की संख्या में 4 जनवरी को मुखिया पति निर्मल करमाली पहुंचे थे। ओरला पंचायत में जितना भी अबुवा आवास स्वीकृत हुआ है, सभी से 20 हजार रुपए पहले लिए गए हैं। आवास पूरा होने के बाद 30 हजार रुपए की मांग है। कहा कि अबुवा आवास योजना गरीबों के कल्याण के लिए निकला है। इसे मुखिया पति निर्मल महतो अपनी काली कमाई का जरिया बना लिए हैं।

### अग्रगति संस्था ने बाल विवाह, और बाल तस्करी पर जताई चिंता

**भुरकुंडा।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत बनगड़ा में अग्रगति संस्था ने स्थानीय किशोरियों के साथ बैठक का आयोजन किया। इसमें संस्था के जिला को-ऑडिनेटर बिलाल अंसारी और प्रखंड मोबिलाइजर इशरत जहां ने बाल विवाह, बाल-तस्करी, बाल मजदूरी और यौन शोषण की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा किया। जिला को-ऑडिनेटर बिलाल अंसारी ने कहा कि बाल तस्करी, बाल मजदूरी बच्चों और देश के भविष्य का हनन कर रही है। बाल तस्करी में लोगों को प्रलोभन, बहला-फुसलाकर या पैसों का झांसा देकर शारीरिक शोषण से लेकर शरीर के अंगों तक का व्यापार किया जा रहा है। इस विषय पर विशेष पहल करने की आवश्यकता है। जिससे लोगों को उनके साथ होने वाली इस घटनाओं को समाप्त किया जा सके।

# सांसद की पहल लाई रंग, चरही के यूपी मोड़ में शुरू हुआ कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सांसद मनीष जायसवाल ने बीते दिनों लोकसभा सत्र के क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी थी और तत्काल इन ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने का आग्रह किया था। संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया। चरही के यूपी मोड़ में युद्धस्तर पर काम चल रहा है। यह कार्य टेंपरेरी है लेकिन इससे निश्चित रूप से यहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। सांसद मनीष जायसवाल ने खुद त्वरित पहल होने पर खुशी जताई और कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से संबंधित हर छोटी बड़ी समस्याओं के निदान के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# डीसी-एसपी ने की परिजनों से बात, स्कूल पर प्राथमिकी दर्ज





**नवीन मेल डेस्क**
**रामगढ़/रांची।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में हुई सड़क दुर्घटना में तीन स्कूली बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। इधर, रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने घटना के बाद मृत बच्चों के परिजनों से बात की। दोनों अधिकारी सदर अस्पताल में मृत बच्चों के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुःखद है। उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि सरकारी आदेश के बावजूद स्कूल का संचालन होना अपराध है। इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि गोला थाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के बयान पर गुडविल मिशन स्कूल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

**सरकार के आदेश के खिलाफ चल रहा था स्कूल :** गोला प्रखंड का गुडविल स्कूल सरकार के आदेश के खिलाफ संचालित किया जा रहा था। ठंड की वजह से राज्य सरकार ने पहले ही कक्षा 8 तक की छुट्टी 13 जनवरी तक बढ़ा दी थी। इस आदेश के आलोक में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया था। रामगढ़ उपायुक्त ने भी 13 जनवरी तक विद्यालयों में कक्षा 8 तक के बच्चों की छुट्टी रखना को कहा था। लेकिन गुडविल विद्यालय ने जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करते हुए ना सिर्फ विद्यालय खोला, बल्कि छोटे बच्चों को असुरक्षित वाहन से आने को मजबूर भी किया।

## न्यूज | बॉक्स

### भारत जकात मांझी परगना महाल के सदस्यों ने सोहराय पर मंत्रियों को किया आमंत्रित



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में होने वाले सोहराय सम्मेलन को लेकर मुख्यमंत्री की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य मंत्रियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। सदस्यों ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री फागू बेसरा से मिलकर आने का आग्रह किया। उक्त जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा ने बताया कि सोहराय सम्मेलन भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस पर्व में सभी कोई मिलकर सोहराय पर्व मनाते हैं और खूब पूजापाट करते हैं। यह हम आदिवासियों का मुख्य पर्व है। आमंत्रण करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, युवा समाजसेवी सुनील कुमार मुर्मू, महेंद्र मुर्मू, महादेव हांसदा, बाबूलाल मरांडी समेत कई लोग शामिल थे। विदित हो कि सोहराय सम्मेलन प्रखंड मुख्यालय मैदान में 19 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विधायक ममता देवी ने देशभक्तों को किया नमन



**रामगढ़।** चुटूपालू घाटी स्थित शेख भिखारी एवं टिकैट उमरांव के समाधि स्थल पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ विधायक ममता देवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर देशभक्ति और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने शेख भिखारी और टिकैट उमरांव के बलिदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी वीरता और देशप्रेम से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे स्वतंत्रता संग्राम में शेख भिखारी और टिकैट उमरांव जैसे वीरों का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। आज हम सबको उनके बलिदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इनके बताए रास्तों पर ही चलकर राज्य और देश का विकास होगा। मौके पर पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस बजरंग महतो, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, सुनील करमाली, रामसेवक बेदिया, भरत महतो, हिरालाल महतो, मनोज पुझर, गौरीशंकर महतो, मनोज कोटवार, तसलीम अंसारी, सागीर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### उमरा पर गए लोगों का किया गया स्वागत, दुआ करने की अपील



**बरही।** बुधवार को गरजामू डुमरियाडीह से जनाब खलील, बीवी कुलशुम खातून एवं वली मोहम्मद उमराह के लिए मक्का रवाना हुए. जिनका अल्यसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष कयूम अंसारी की अगुवाई में स्वागत किया गया. महासमिति के अध्यक्ष ने कहा कि उमराह मुसलमानों द्वारा की जाने वाली एक इस्लामी तीर्थयात्रा है. यह मक्का, सऊदी अरब के हिजाजी क्षेत्र में स्थित है. उमराह को 'छोटा तीर्थयात्रा' भी कहा जाता है. यह हज से थोड़ा अलग होता है. इस अवसर पर सभी जियारतियों को माला पहनाकर स्वागत करते हुए मक्का के लिए रवाना किया गया. उमरा में जाने वालों से दुवा करने की अपील की गयी। वहां पाक जगह और वहां की कांगी गई दुवाएं अल्लाह जरूर कबूल करता है। वहां जाकर लोग अपनी गुनाहों की तलाफी चाहते हैं और गुनाहों से बचने की दुआ मांगते हैं। रवाना करने वालों में मंसूर आलम, जलील साहब, गुलाम अजहर, फारूक अंसारी, मकसूद अंसारी महमूद अंसारी, मंजूर आलम आदि सहित कई ग्रामीण भी मौजूद थे.

केंद्रीय मंत्री व विधायक ने एसबीआई के शाखा का किया शुभारंभ

# नए बैंक की शाखा से ग्रामीणों को मिलेगी बैंकिंग की सुविधाएं : अन्नपूर्णा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ट अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस नए बैंक शाखा के शुभारंभ से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं अब अधिक सुलभ और सुविधाजनक होगी। इसके पहले बरकट्ठा के घंघरी में ही एसबीआइ ब्रांच था। जिसके कारण लोगों को दुर दराज से आकर लेन देन करना पड़ता था। प्रधानमंत्री का कहना है सबसे पहले आमलोगों को बैंक से जोड़े ,तब विकास की गति तीव्र होगी। इस क्षेत्र के ग्रामीणों को बैंक से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से एसबीआई के विजय कुमार, डीजीएम राजीव कुमार सिंह, एजीएम ज्योति लाल, एचआर मनोज कुमार चौधरी, सीएम कम्प्लायन सन्तोष कुमार, प्रबन्धक परिसर विभाग, एओ धनबाद, सन्तोष कु मण्डल, शाखा प्रबंधक घंघरी राजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक शशिकांत, ब्रांच मैनेजर राजीव कुमार समेत स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पांडेय, तुलसी पांडेय, रघुबीर प्रसाद, कुलदीप पांडेय, समन ठाकुर, भोला प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, रोहित साव, दिनेश राणा, बसन्त राणा समेत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सीओ व थाना प्रभारी ने स्कूल का किया निरीक्षण

# सरकारी नियमों को ध्यान में रखकर चलाएं स्कूल : समाहर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। दारू**
प्रखंड के झुमरा में गैर सरकारी स्कूल सरकारी नियमों का उड़ा रहे हैं धज्जियां, शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त ( अल्पसंख्यक सहित ) एवं सभी निजी विद्यालयों में 07.01.2025 से 13.01.2025 तक के लिए वर्ग-केजी से वर्ग-08 तक की कक्षायें बंद रखने का आदेश दिया गया था। दारू प्रखंड के झुमरा में गैर सरकारी स्कूल सरकारी नियमों का उड़ा रहे हैं धजियां। सरकारी निर्देशानुसार कक्षा 1 से लेकर 8 तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया था। लेकिन कुछ गैर सरकारी स्कूल खोल कर रखे हुए थे जब इसकी सूचना दारू प्रखंड के उप समाहर्ता हारून रशीद, सीओ राम बालक कुमार और दारू थाना प्रभारी शफीक खान पास पहुंचा तो अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए स्कूल का निरीक्षण करते हुए स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल पहुंचे। उप समाहर्ता हारून रशीद , सीओ राम बालक कुमार और थाना प्रभारी शफीक खान और स्कूल के सारे रजिस्टर को एक-एक करके चेक किया और सारे स्कूल प्रबंधक को सख्त निर्देश दिया कि सरकारी नियमों को ध्यान में रखकर रखकर स्कूल चलाया जाए।

सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

# सीओ व सीडीपीओ ने सड़क सुरक्षा को लेकर 12 नियमों की दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा तथा सीडीपीओ नीलू रानी के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अंचल अधिकारी समेत प्रखंड सह अंचल के अन्य कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने कहा कि यातायात के सभी मानक नियमों का पालन करें। उन्होंने हेलमेट लगाकर बाइक चलाने, सीट बेल्ट लगाकर कार व अन्य वाहनों को चलाने समेत कुल 12 नियमों की शपथ दिलाई। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, सीडीपीओ नीलू रानी, पर्यवेक्षक कुमारी निभा, रंजीता कुमारी, रमेश रंजन, राजेन्द्र साव, बीपीओ श्याम नाथ वर्मा, महेश कुमार, सुधीर कुमार, संतोष कुमार, दिनेश यादव, अजित कुमार, नारायण प्रसाद, रविकांत, महेंद्र, जैकी, सचिन, मनीष, शंकर प्रसाद, अजित कुमार, मनजीत दास, एमडी इमरान, त्रिभुवन यादव, एमडी सलामत हुसैन, नवल किशोर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र पासवान, विशेश्वर यादव, राहुल पासवान समेत अन्य कर्मियों ने शपथ ली।

मकर संक्रांति पर लगने वाले मेले का अधिकारियों ने लिया जायजा

# जिला प्रशासन ने कहा-विधि व्यवस्था की जाएगी चुस्त-दुरुस्त : एसडीपीओ

*कमेटी के लोगों ने मेले में साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि लोग इस पर पूरी तरह से ध्यान देंगे, जिससे मेले की शोभा को और बढ़ाएगी*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के सूर्यकुंड धाम में लगने वाले 15 दिवसीय मेला स्थल का अधिकारियों ने जायजा लिया। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति के अवसर पर 14 से 30 जनवरी तक मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। इस निमित एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा समेत अन्य पदाधिकारी पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र का यह ऐतिहासिक मेला है, जहां लोग देश के विभिन्न कोने से आते हैं। वहीं एडीपीओ ने कहा कि मेले को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा इस बार पूरी विधि व्यवस्था की जाएगी। वहीं मेला कमिटी के लोगों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने बताया कि मेले में पेयजल की व्यवस्था, बिजली, अग्निशमन, मेडिकल टीम रहेगी। प्रशासन की ओर पूरी कोशिश रहेगी की मेले में बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। जहां तक सुरक्षा के सवाल हैं वह भी काफी चुस्त व दुरुस्त रखने का इंतजाम किया गया है। वहीं सूरजकुंड के विकास के लिए प्रबंधन कमिटी बनाने की बात हुई। मौके पर अंचल पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता, मेला ठीकेदार संजय पाण्डेय, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पाण्डेय, अमित पाण्डेय, विकास पाण्डेय, श्यामाकांत पाण्डेय, विजय नायक, तारकेश्वर पाण्डेय, गिरधारी नायक, बीरेंद्र मोदी, तेजनारायण पाण्डेय समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क व्यवस्था दुरुस्त नहीं रहने के कारण अधिकारियों को लगाई फटकार

*सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए घाटी में चिन्हित ब्लैक स्पॉट आदि पर बालू के बैग्स लगाने आदि कार्यों को तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई। चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन यथा लाइट व्यवस्था, रोड एलाइनमेंट, साइनेज बोर्ड तथा सड़क विधि व्यवस्था दुरुस्त नहीं रहने के कारण उपायुक्त ने एनएचएआई पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई साथ ही उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना होने पर एनएचएआई पदाधिकारियों का नाम भी प्राथमिकी की में शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए घाटी में चिन्हित ब्लैक स्पॉट आदि पर बालू के बैग्स लगाने आदि कार्यों को तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना होने के मद्देनजर पीसीआर वाहनों एवं सभी थानों में फर्स्ट एड किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को पेट्रोल पंप पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित विद्यालयों द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों को बसों में बैठाने पर विशेष ध्यान देने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# शिशु मंदिर में आगामी शिशु नगरी कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में आगामी 18 जनवरी 2025 को होने वाले शिशु नगरी कार्यक्रम हेतु शिशु वाटिका बैठक का आयोजन हुआ। मालूम हो कि इस शिशु वाटिका बैठक में आभासी रूप से मंजू श्रीवास्तव, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा शिशु नगरी कार्यक्रम के आयोजन से शिशु का बहुमुखी विकास होगा, इसमें अभिभावक अपने साथ दो शिशु को अवश्य लेकर आए। कार्यक्रम में 12 शैक्षिक व्यवस्था की विभिन्न प्रकार के शैक्षिक स्टाल लगेंगे। बच्चों के क्रियाकलाप की प्रदर्शनी होगी। क्रिया आधारित शिक्षा के साथ खेल एवं बच्चों के विभिन्न गतिविधियों की प्रदर्शनी भी लगेग वस्तु संग्रहालय, चित्र संग्रहालय एवं स्वयं से निर्मित वस्तुओं के आधार पर प्रदर्शनी लगेगी। जिससे शिशुओं का सर्वांगीण विकास संभव होगा। उन्होंने स्वर्ण प्राशन की विशेषताओं को भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा स्वर्ण प्राशन से बच्चों का शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास होगा। शिशु वाटिका बैठक में प्रवासी कार्यकर्ता सह विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह ने शिशु नगरी कार्यक्रम के आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं आचार्य का मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम में हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में आभासी रूप से मालवीय मार्ग के प्राचार्य संजीव झा एवं विद्यालय के आचार्य बंधु उपस्थित थे।

ठंढ को देखते हुए मल्हार टोला में किया गया कंबलों का वितरण

# ठंढ से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं पारा और गिर सकते हैं : मौसम विभाग

*मल्हार टोला में मल्हार परिवारों को ठंढ से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। दारू**
दारू प्रखंड में इन दिनों ठंढ का कहर जारी है। दारू प्रखंड में रुक-रुक कर चल रही हवाओं ने ठंढ बढ़ा दी है। दारु प्रखंड में तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। शाम में चल रही शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है और सबसे ज्यादा समस्या झोपड़ी में रह रहे मल्हार लोगों का है। दारू प्रखंड में आए हुए प्रशिक्षु लोकेश बारंगे द्वार पास सूचना पहुंची की मल्हार टोला के व्यक्तियों के पास गर्म कपड़े नहीं रहने के कारण ठंढ से परेशान हैं तो उन्होंने अपनी तत्परता दिखाते हुए सहायक समाहर्ता -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे द्वार और उप समाहर्ता हारून रशीद के सौजन्य से सेवा ही धर्म ही संस्था की ओर से प्रखंड दारू अंतर्गत ग्राम पिपचो मल्हार टोला में मल्हार परिवारों को ठंढ से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया गया। सेवा ही धर्म संस्था के संचालक मनोज दा ने बतलाया कि पदाधिकारी के द्वारा कमल वितरण किया जा रहा था तो मल्हार टोला के निवासियों के चेहरे पर काफी खुशी देखा गया और लगातार सेवा ही धर्म संस्था ने मिसाल कायम कर रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंढ से राहत मिलने की संभावना नहीं है। दारू प्रखंड का तापमान एक बार फिर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। इस कार्यक्रम सहायक समाहर्ता -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारंगे द्वार और उप समाहर्ता हारून रशीद, सीओ राम बालक कुमार, थाना प्रभारी शफीक खान, सेवा ही धर्म संस्था के संचालक मनोज दा, दारू मुखिया सुनील कुमार, सनोज कुमार उपस्थित थे।

# कुरडेग बाघचट्टा के पास युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के ऊपर हुआ जानलेवा हमला



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के बाघचट्टा के नजदीक कुरडेग - सिमडेगा मुख्य मार्ग में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमला हुआ।जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार शाम 7 बजे की है। घटना के संबन्ध में मिली जानकारी के अनुसार संदीप नायक पिता रामधनी राम उम्र 28 वर्ष केन्दूटोली गोहमाला निवासी जो युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष है ,सिमडेगा से कुरडेग लौटने के दौरान बाघचट्टा के नजदीक स्कॉर्पियो वाहन से पीछा कर रहे अज्ञात हमलावरों ने संदीप के स्कॉर्पियो गाड़ी को ओभर टेक कर रोक लिया और लोहे का रॉडएवं हथौड़ा से गाड़ी का शीशा चालक के साइड का तोड़कर गाड़ी चला रहे संदीप पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे सिर और दाहीने हाथ पर चोट लगी। वहीं हमलावर गाड़ी मोड़कर सिमडेगा की ओर फरार हो गये।संदीप के साथ में गाड़ी में रिश्तेदार संतोष कुमार नायक था। उन्होंने बताया कि हमलावरों की संख्या 6 से 7 थी। स्कॉरपियो ओ डी नम्बर का था वहीं पुलिस के सामने घायल संदीप नायक ने हमलावरों को देखते ही पहचानने का दावा किया है।घटना की सूचना मिलते ही एसआई धनंजय कुमार मौके पर पहूंचे एवं घायल। को सीएचसी में भर्ती कराया । इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि माथे पर दो जगह पर चोट लगी है जिसमें सात टांके पड़े हैं । कुरडेग पुलिस मामले की छानबीन करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई । वही इस मामले के संबन्ध में कुरडेग थाना काण्ड संख्या 1/25 धारा 3(5) 126(2)304(2)324(3) बी एन एस 2023 दर्ज करते हुए अनुसंधान में जुट गई ।

## सुप्रीम कोर्ट का मेडिएशन ट्रेनिंग कार्यक्रम
# पांच अधिवक्ताओं को मिला प्रमाण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के मिडिएशन एंड कॉन्सीलिएसन प्रोजेक्ट कमेटी द्वारा समय समय पर आयोजित 40 घंटे के मिडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने वाले पांच अधिवक्ताओं को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक्रीडेशन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सुप्रीम कोर्ट से आए प्रमाण पत्र को बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने अधिवक्ताओं को प्रदान किया। बताया गया कि अधिवक्ता कोमल दास ने वर्ष 2009,प्रभात कुमार श्रीवास्तव और प्रद्युम्न सिंह ने वर्ष 2012 तथा संजय कुमार महतो और विजय कुमार मिश्रा ने वर्ष 2021 में मध्यस्थता से संबंधित 40 घंटे की ट्रेनिंग हासिल की थी। प्राधिकार की सचिव ने बताया कि ट्रेनिंग को सफल तरीके से हासिल करने के उपलक्ष्य में उन्हें यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

बताया गया कि उक्त पांचों अधिवक्ता अपने प्रशिक्षण का समुचित लाभ यहां के लोगों को दे रहे हैं। प्राधिकार में आने वाले मामले को मध्यस्थ के माध्यम से सुलझाने की कोशिश इन लोगों के द्वारा की जाती है। सचिव ने कहा कि यह प्राधिकार के लिए खुशी की बात है कि उनके यहां प्रशिक्षित अधिवक्ताओं के माध्यम से मध्यस्थता की जाती है। बताया गया कि उक्त सभी नियमित रूप से 40 घंटे प्रशिक्षण हासिल की है। सचिव ने उक्त सभी अधिवक्ताओं को बधाई दी।

# जिले में ओबीसी आरक्षण बढ़वाने की दिशा में होगा प्रयास : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि तेली समाज मेरा अपना परिवार है। इस समाज के सभी बुजुर्ग मेरे माता पिता हैं। युवक-युवतियां मेरे भाई बहनें हैं। इसलिए तेली समाज के विकास और उत्थान में अपने स्तर से हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। समाज के एक एक ब्यक्ति को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करके का प्रयास जारी रहेगी। जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य है। इस समस्या को दूर करते हुए जिले में ओबीसी आरक्षण बढ़ाया जाएगा। विधायक बुधवार को शहर के ढेबर ग्राम स्थित तेली छात्रावास में विधायकों के स्वागत सह अभिनंदन समारोह में कही। समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सभी परिवार समाज की एक इकाई है। परिवारों से मिलकर ही समाज का निर्माण होता है। अगर परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ व खुशहाल होंगे, तो समाज भी खुशहाल होगा। पारिवारिक सुख और शांति के लिए परिवार के सदस्यों में आपसी स्नेह, विश्वास और सम्मान आवश्यक है। अगर परिवार के सदस्य आपस में प्रेम से रहेंगे, मेलजोल से रहेंगे तो परिवार व समाज में भी सुख व शांति का वास होगा। विधायक समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी आग्रह किया। कार्यक्रम में विधायक विक्सल कोंगाड़ी और विधायक भूषण बाड़ा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि तेली समाज के लोग आज हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपलब्धि प्राप्त की है। लेकिन जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिए जाने से समाज के लोग कई परेशानियों से वंचित हो रहे हैं। सरकार से मिलकर जल्द आरक्षण संबंधी समस्या का निदान किया जाएगा। मौके पर उपस्थित तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने समाज की समस्याओं एवं उपलब्धियों को रखा।

# छलांग परियोजना के तहत विंटर कैंप का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 23 दिसंबर 2024 से 13 जनवरी 2025 तक 12 समुदायों में विंटर कैंप का आयोजन किया जा रहा जिसमे कोलेबिरा प्रखंड के 12 गांव जिसमे सोकोरला राजू टोली, पहाड़ टोली, छोटकाटोली, कुंदरुडेगा, शिवनाथपुर, श्रीकोंडकारा, पश्चिम कोलेबिरा, बेलाटोली, लरबा, जमटोली भंडारटोली, सरायपानी, सारंगापानी में अल्मा मेटर व पार्टनर संस्था दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के माध्यम से चल रहे छलांग परियोजना के अंतर्गत खेल मेला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दो पाली में चल रही है पहला सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरा 2:00 बजे से 5:00 बजे तक चला रहा है जिसमें गांव के बच्चे जिनका उम्र 6 से 14 तक है वो बच्चे विंटर कैंप में आ रहे और खले से संबंधित अनेक गतिविधियां कर रहे हैं। सभी 12 गांव में एक खेल मेला का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के साथ-साथ बच्चों के अभिभावक भी खेल गतिविधि में भाग ले रहे हैं। खेल मेला में बच्चों और अभिभावकों को प्रोत्साहित करने के लिए कम्युनिटी में पुरस्कार के तौर पर कप और और अच्छे खिलाड़ी को मेडल देखकर खेल के प्रति प्रोत्साहित किया गया। मौके पर अल्मा मेटर संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र कंसारी, क्षेत्र समन्वयक रश्मि होरो, आशा टोपनो, दीपक दास, शशि भूषण साहू और समुदाय के 50 वॉलिंटियर का पूर्ण सहयोग हो रहा।

### हैवानियत! जलडेगा में 8 साल की मासूम के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में रेप

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र में पड़ोसी युवक ने 8 वर्षीय मासूम बच्ची को अपना हवस का शिकार बनाया है। घटना 6 जनवरी सोमवार की है। रिश्ते में भाई लगने वाला एक पड़ोसी लड़के ने शराब पीकर गांव आया। बच्ची को घर के बाहर खेलते देख लड़के की नियत बिगड़ी और वो बच्ची को मिठाई खरीदने का झांसा देकरU उसे अपने साथ पास के ही एक आंगनबाड़ी केंद्र में ले जाकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि आरोपी युवक का नाम संजय इन्द्वार है। जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने बच्ची जान से मारने का भी प्रयास किया था। इस बीच आंगनबाड़ी केंद्र के पास से बातचीत कर गुजर रहे पड़ोस के दो युवकों की आवाज सुनाई देने के बाद बच्ची किसी तरह खुद को आरोपी के चंगुल से छुड़ाई और भाग कर उन दोनों युवकों को चाचा मुझे बचा लीजिए मुझे बचा लीजिए कह कर रोने लगी। इतने में मौका पाकर आरोपी आंगनबाड़ी केंद्र से फरार हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजनों ने स्थानीय मुखिया और विधायक को इसकी जानकारी दी।

## अंचल अधिकारी की मौजूदगी
# अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर, सामानों को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विगत एक सप्ताह से सिमडेगा नगर परिषद की ओर से डीसी के निर्देश पर लगातार सरकारी भूमि पर अतिक्रमण मुक्त करने का काम चल रहा है, इसके बावजूद कई जगहों पर लोग अभी तक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण मुक्त नहीं किए हैं। जिनको ध्यान रखते हुए बुधवार को अंचल अधिकारी मोहम्मद इम्तियाज अहमद की अगवाई में सिमडेगा कचहरी आसपास सभी दुकानों को हटाया गया वही मार्केट मार्केट कंपलेक्स सहित आसपास जगह पर बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया ।इस दौरान कई दुकानों को जेसीबी के माध्यम से तोड़ दी गई एवं सामानों को जप्त कर लिया गया। वही मार्केट कंपलेक्स गली नंबर 1 के आसपास के दुकानों को भी चेतावनी देते हुए सरकारी भूमि को खाली करने के लिए समय दिया गया है। मौके पर अंचल अधिकारी ने कहा कि महावीर मंदिर से लेकर रोहिल्ला पथ तक एक रास्ता है जिसे दुकानदारों के द्वारा बंद कर दिया गया है ,जिसको लेकर दुकानदारों को एक सप्ताह का समय दिया गया है ।

### बीपीओ की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

**जलडेगा।** बुधवार को प्रखंड सभागार जलडेगा मे प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कक्षा 3 से 8 एवं 9 से 12 के छात्राओं का पोषक डीबीटी, रसोईया का आयुष्मान कार्ड, आईसीटी से संबंधित छात्रवृत्ति वेरीफिकेशन, एल्बेंडाजोल टेबलेट, भवनहीन विद्यालय, ई विद्या वाहिनी उपस्थिति इत्यादि से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर फुलेंद्र साहू, भरत महतो, सत्यवान साहु, शिवनारायण साहू, जयप्रकाश सिंह, प्रदीप पटेल के अलावा सभी विद्यालय के प्रधान उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों के साथ दिलीप तिर्की ने किया बैठक
# जहां आवागमन की सही सुविधा भी नहीं ऐसी जगह में बन रहा उप स्वास्थ्य केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत के कोनबेगी मौजा में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण का ग्रामीणों के द्वारा गलत जगह निर्माण होने की बात करते हुए विरोध जताया है जिसको लेकर बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप मुखिया सहित कई बुजुर्गो और लोगों ने बैठक बुलाई जिसमे कोनबेगी, पोढाटोली, चिडराटोली, बरबेडा, मुंडलटोली, तेलीटोली, के लोग शामिल हुए। जिसमे कांग्रेसी नेता कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की को आमंत्रित किया गया। महिलाओं ने कहा अति दुर्गम स्थल तेली टोली जहां आवागमन की सही सुविधा भी नही, सिर्फ उधर नशे का व्यपार चलता। ऐसे जगह में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र बन रहा जिसके बनने की जानकारी किसी को भी शुरू में नही दी गई। बुजुर्गों ने कहा कि ग्रामसभा हो गई किसी को जानकारी भी नही। उप मुखिया ने कहा मुझे क्या किसी को कोई जानकारी नही की उप स्वास्थ्य केंद्र बन रहा। जब पता चला तो विरोध किया गया और फ़ोटो सहित उपायुक्त को लिखित शिकायत की गई और विरोध के बाद भी काम कराया गया। अब विधायक के हस्तक्षेप के बाद रोड के किनारे जमीन चिन्हित करने के लिए 10 लोगो की टीम बानी लेकिन जमीन मिलने के बाद भी उसे अनदेखा किया जा रहा। दिलीप ने विधायक से फोन पर बात कर ग्रामीणों के सभी पहलुओं से अवगत कराया जिसके बाद इसका हल निकालने की बात हुई। दिलीप ने यह भी कहा कि ये जो स्वास्थ्य केंद्र बन रहा वो जनता की सहूलियत के लिए और इसका निर्माण भी गलत जगह हो रहा तो जिसकी असुविधा के वजह से लोग नाखुश हैं तो इस पर पहल की जाएगी। उन्होंने विधायक विक्सल कोंगाडी के संज्ञान में दिया। ताकि सभों को सहूलियत दिलाई जा सके। बैठक में उप मुखिया प्रवीण बड़ाइक, विजय लकड़ा, राजन केरकेट्टा, जोसेफ मिंज, अनूप बड़ाइक, तेलेस्फोर एक्का, नवीन मिंज, बिमल बाड़ा, अमित सुमन किंडो, पीयूष एक्का सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत निकली मोटरसाइकिल रैली



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिमडेगा समाहरणालय से मोटरसाइकिल रैली की शुरुआत हुई। इस दौरान उप विकास आयुक्त,डीटीओ एवं मोटरयान निरीक्षक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोटरसाइकिल रैली को रवाना किया। रैली पूरे शहर का भ्रमण करते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला ने बताया कि लगातार अलग-अलग दिन में लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोग सड़क सुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन कर सके। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहां है कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कर चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

## 51 बटुकों के सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार के आयोजन हेतु भूमि पूजन हुआ संपन्न
# उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में 18 एवं 19 जनवरी को होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबीरा।** प्रखंड अंतर्गत लचडागढ़ में उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ द्वारा आयोजित आगामी 18 एवं 19 जनवरी को होने वाले 51 ब्राह्मण पुत्रों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार के निर्विघ्ना हेतु बुधवार को पंडित भरत चंद्र द्विवेदी द्वारा विधि पूर्वक वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ भूमि पूजन व ध्वज स्थापित कराया गया है। वहीं पंडित लखेश्वर पंडा ने सपत्नीक यजमान की भूमिका निभाई । उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के द्वारा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार को सफल बनाने की तैयारी जोरों पर है। केंद्रीय संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राही ने बताया कि पूरे उत्कलिय ब्राह्मण समाज के साथ साथ आस पास के सभी शुभचिंतकों के सहयोग से 18 एवं 19 जनवरी को वैदिक एवं शास्त्रीय विधि से 51 बटुकों को यज्ञोपवीत से अलंकृत किया जायेगा। वहीं जिला संरक्षक मनमोहन पंडा ने कहा कि समाज में अनावश्यक खर्च को रोकने और बच्चों को संस्कारित करने का यह भव्य आयोजन है । मौके पर भुनेश्वर पंडा,ललिता पंडा, प्रमोद पंडा, संजय द्विवेदी, शुरेश द्विवेदी श्याम सुंदर आचार्य एवं रंजीत पंडा सहित अन्य मौजूद थे।

## गैर मजरूआ जमीन को अतिक्रमण कर
# बेशकीमती पेड़ों को उखाड़ने मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**


राष्ट्रीय नवीन मेल | सिमडेगा

गैर मजरूआ जमीन पर चली जेसीबी मशीन

चौड़ीकरण करने में 17 बेशकीमती पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया गया

अंचल अधिकारी ने कहा, पूरा मामला जांच का विषय

15.75 डिसमिल गैर मजरूआ जमीन पर लगे थे सारे पेड़

**खबर का असर**

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के गांगुटोली में खेत चौड़ीकरण करने के आड़ में गैर मजरूआ जमीन पर अतिक्रमण करने और बेशकीमती पेड़ों को जेसीबी लगाकर उखाड़ने मामले में जलडेगा सीओ शंभू राम ने बड़ी कारवाई की है। जांच के बाद सीओ ने जलडेगा थाना और वन विभाग को लिखित आवेदन देकर कारवाई करने का निर्देश दिया है। जानकारी देते हुए जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जलडेगा सीओ शंभू राम के आवेदन के बाद जलडेगा थाना कांड संख्या 71/24, दिनांक 30.12.2024 के तहत रघुनाथ प्रधान (भोगता) पिता स्व रोधी भोगता, सिंधिया साहू पिता स्व भौकडो साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 की धारा 317(5) और भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

**क्या था मामला**

कोलेबिरा वन क्षेत्र के कोनमेरला गांगूटोली पावर हाउस के पीछे खेत चौड़ीकरण करने की आड़ में जेसीबी लगाकर लगभग 17 बेशकीमती इमारती पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया गया था। जिसमें साल (सखुआ) के अलावा कई अन्य बड़े - बड़े पेड़ शामिल हैं। मामला 23 दिसंबर आस पास की बताई गई थी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मामला उजगार होने के बाद पेड़ उखाड़ने की खबर हर जगह चर्चा का विषय बन गया था। इस मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के द्वारा 28 दिसंबर को प्राथमिकता के साथ खबर प्रकाशित की थी । जिसके बाद ग्रामीणों ने पहले वन विभाग को इसकी शिकायत की थी।

# न्यूज बॉक्स

### कुरडेग कार्यालय सभागार में मासिक गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन



**कुरडेग ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मासिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरूगोष्ठी में स्कूलों में चल रहे गतिविधियों की समीक्षा की गई।इस दौरान शिशु पंजी सर्वे,पोशाक डीबीटी,कक्षा 1 व 2 के पोशाक वितरण,स्कूलों को प्राप्त अनुदान उपयोगिता,प्री मैट्रिक छात्रवृति,एनआईएलपी सर्वे,जाति प्रमाण पत्र,रसोईयों को मईयां सम्मान योजना में आच्छादित करने आदि विषयों पर चर्चा की गई।साथ ही परीक्षा पे चर्चा के लिए बच्चों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने एवं अपार आईडी सभी का बनवाने के लिए निर्देश दिया गया।इस दौरान बीडीओ नैमन कुजूर,सीओ किरण डांग भी शामिल हुए थे एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मौके पर बीपीओ,बीआरपी,सीआरपी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### बानो के नव पदस्थापित अंचल अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



**बानो।** बानो अंचल के नव पदस्थापित अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने बुधवार को अंचल कार्यालय बानो योगदान दिया। मौके पर प्रभारी सीओ नैमुदीन अंसारी ने पद भार सौपा ।मौके पर जिला परिषद बीरजो कंडुलना ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी व अंचल कर्मियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नैमुदीन अंसारी ने कहा नए अंचलाधिकारी का प्रखण्ड में स्वागत है। साथ ही अंचल कर्मियों से कहा कि हमने मिल जुल कर बेहतर रूप से कार्य किये ।उन्होंने कहा कभी कभी कार्य मे किसी को दबाव दिया तो माफी चाहता हूं। आगे भी हम मिल जुल कर प्रखण्ड में बेहतर कार्य करेंगे । नव पदस्थापित अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने कहा अंचल कार्यालय बानो में आकर ,आप लोगो से मिल कर काफी हर्ष हुई।

### मजदूर यूनियन की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा, गरीबों के बीच कंबल वितरण

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के सदर प्रखंड में मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लाल महतो ने की। जिसमें झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस बैठक में मजदूर यूनियन सिमडेगा सदर का समिति गठन किया गया, जिसमें कुबेर कैथवार को प्रखंड अध्यक्ष, मुकेश गोप और सुबास लोहरा को उपाध्यक्ष, दीपक कैथवार को सचिव और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया।बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार अबुआ आवास दे रही है, उन्होंने हेमंत सरकार पर हमला बोला और कहा कि सरकार ने अब तक बालू का टेंडर नहीं किया है जिससे मजदूरों को आवास पूर्ण करने में परेशानी हो रही है। राजेश कुमार सिंह ने यह भी कहा कि हेमंत सरकार के राज में माफिया डम्फर पर बालू का अवैध उठाव कर रहे हैं, लेकिन गांव में ट्रैक्टर चलाने वालों को प्रशासन द्वारा पकड़ा जा रहा है। इससे गांव के मजदूरों को रोजगार मिलने में परेशानी हो रही है। मौके पर कुम्बाटोली और महाबीर चौक में मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने असहाय और गरीबों के बीच कंबल वितरण किया।

### बानो के नए अंचलाधिकारी से विभिन्न राजनीतिक दलों ने की शिष्टाचार भेंट



**बानो ।** अंचल कार्यालय बानो में नए अंचलाधिकारी के योगदान दिये जाने की जानकारी मिलने पर जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रतिनिधि सी ओ रवि भूषण प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात के लिये कार्यालय पहुँचे। जिला परिषद बिरजो कंडुलना ,बानो पंचायत समिति संध्या देवी , कोनसोदे पंचायत समिति रेश्मा बडिंग ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया ।प्रखण्ड मुखिया समिति के सदस्य बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम ,सोय पंचायत मुखिया सोमारी कैथवार, कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी ,कनारोवां मुखिया मिन्सी लीना तिर्की ने सँयुक्त रूप से गुलदस्ता देकर स्वागत किया। रौतिया समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में समाज के लोग सी ओ से मुलाकात कर गुलदस्ता व डायरी देकर स्वागत किया। मौके पर सामाजिक कार्यो पर चर्चा की गई ।बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह के नेतृत्व में प्रखण्ड कमिटी के सदस्यों ने नए सीओ को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया ।मौके प्रखण्ड के बारे में चर्चा की गई। मौके पर बीजेपी प्रखण्ड सचिव विश्वनाथ बड़ाईक, महामंत्री फिरू बड़ाईक, हीरा सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति और गणतंत्र को लेकर कोलेबिरा थाना में शांति समिति की बैठक



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक में मुख्य रूप से सर्किल इंस्पेक्टर बानो रामानुज कुमार वर्मा भी शामिल हुए ।बैठक में आगामी मकर संक्रांति और टुसु पर्व,गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया ।गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर खेलकूद सहित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजन करने का निर्णय लिया गया ।मकर संक्रांति पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई ।मकर संक्रांति में प्रखंड अंतर्गत जहाँ भी मेले का आयोजन होता है वहां प्रशासन की ओर से ब्यवस्था और निगरानी रखी जायेगी। साथ ही साथ कुछ बातें बाजार से सम्बंधित मुद्दे और मुख्य सडक पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों का यत्र तत्र खड़ा करने से होने वाली परेशानी को लेकर भी चर्चा की गई ।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र किंडो, अंचल अधिकारी राजेश कच्छप,पंचायत समिति सदस्य, पंचायत मुखिया के अलावे स्थानीय समाज सेवीगण,प्रबुद्ध जन और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### फुटपाथ दुकानदारों के द्वारा बस स्टैंड के सामने दिया धरना स्थाई दुकान की उठाई मांग

**सिमडेगा।** शहर में प्रशासन की ओर से चल रही अतिक्रमण और कार्रवाई को लेकर बुधवार को दुकानदारों के द्वारा सिमडेगा बस स्टैंड के समीप धरना दिया। दुकानदारों ने कहा कि प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान नाम पर लोगों को परेशान कर रही है, सभी दुकानदारों को अस्थाई तौर पर जगह की व्यवस्था करें ताकि उनके जीविका में दिक्कत ना सके। मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा पहुंचे और उन्होंने कहा कि प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है ।यह सही है लेकिन जो छोटे-छोटे दुकानदार इससे प्रभावित हो रहे हैं। वैसे लोगों को दुकान उपलब्ध कारण जिससे कि उनके परिवार को किसी प्रकार से रोजी-रोटी चलाने में दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर नगर परिषद द्वारा डे एनयूएलएम के तहत दुकानदारों को कार्ड बनाकर ऋण देती है और दूसरे और उन्हें अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ देता है ऐसे में उस ऋण की भरपाई कैसे करेंगे यह भी एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा इस मामला को लेकर सिमडेगा एसडीओ एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपी जाएगी।

